समारोह

ज्योति कुलस्ते को दिया सुखद दांपत्य जीवन का आशीर्वाद, सांसद की सुपुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुए दो राज्यों के मुख्यमंत्री

# जेवरा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव





**निवास, नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला जिले के विधानसभा क्षेत्र निवास अंतर्गत ग्राम जेवरा पहुँचे। यहाँ उन्होंने सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की सुपुत्री ज्योति कुलस्ते के वैवाहिक समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की भी विशेष मौजूदगी रही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नववधू ज्योति कुलस्ते को पुष्पगुच्छ और स्मृति स्वरूप उपहार भेंट कर उन्हें सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।



### दिग्गज जनप्रतिनिधियों का लगा जमावड़ा

इस वैवाहिक समारोह में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई दिग्गज नेता और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों में छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मप्र शासन की कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी सहित कई विधायक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुलस्ते परिवार के सदस्यों से भी आत्मीय भेंट कर मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

### प्रशासनिक अमला रहा मुस्तैद

समारोह के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर संभाग आयुक्त धनंजय सिंह, आईजी विनीत जैन, कलेक्टर मंडला राहुल नामदेव धोटे, कलेक्टर डिंडौरी श्रीमती अंजू भदौरिया और जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना सहित भारी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की।




# आम आदमी पार्टी ने फूंका विरोध का बिगुल

कमर्शियल गैस के दाम में वृद्धि और स्थानीय समस्याओं को लेकर की नारेबाजी



**मंडला।** कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी, पेयजल संकट, बदहाल सड़कें और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी ने उग्र विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष पंकज सोनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने आरोप लगाया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में एकमुश्त 993 रुपये लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ने वाली है। उन्होंने कहा कि गलत विदेश नीतियों के कारण देश में पहले से ही गैस की किल्लत है और अब दामों में इस बेतहाशा वृद्धि से चाय-नाश्ता दुकानदारों का व्यापार चौपट हो जाएगा। जब व्यापारी खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाएंगे, तो इसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा।

**पुलिस से हुई तीखी झड़प-** प्रदर्शन के दौरान उस समय तनाव की स्थिति निर्मित हो गई जब पुतला दहन को लेकर पुलिस प्रशासन और कार्यकर्ताओं के बीच गहमागहमी हुई। आप नेताओं का आरोप है कि पुलिस ने तानाशाही पूर्वक व्यवहार करते हुए जबरदस्ती पुतले को छीनकर फाड़ दिया, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखा गया।

**क्षेत्रीय समस्याओं पर भी घेरा-** पंकज सोनी ने बिजली, सड़क और रोजगार के मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि कई गांवों में आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। उन्होंने कान्हा नेशनल पार्क में बाघों की मौत और भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताई। प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री शिशु सिंधु भलावी, उपाध्यक्ष आनंद तिवारी, धीरज पनरिया सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध रेत का परिवहन करते दो वाहन जब्त

**निवास।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम ने ग्राम मानेगांव, तहसील निवास क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो वाहनों को जब्त किया।

प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई इस कार्रवाई में न्यू पावर ट्रेक ट्रैक्टर एवं वाहन ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 51 एबी 1676 को खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया। जब्त वाहनों को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी पाण्डीवारा की सुपुर्दगी में रखा गया है।

खनिज विभाग ने बताया कि संबंधित वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह कार्रवाई खनि निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से की गई।











# अनाथ बाघ शावकों के संरक्षण मॉडल को मलेशिया में लागू करेगा प्रतिनिधि मंडल

कान्हा टाइगर रिजर्व में मलेशियाई दल का अध्ययन प्रवास शुरू




**कान्हा/मंडला।** ग्लोबल टाइगर फोरम के माध्यम से मलेशिया वन विभाग का 7 सदस्यीय प्रतिनिधि दल तीन दिवसीय अध्ययन प्रवास पर कान्हा टाइगर रिजर्व पहुँचा है। प्रवास के पहले दिन खटिया इको सेंटर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वन्यजीव प्रबंधन, संरक्षण रणनीतियों और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

कार्यशाला में ग्लोबल टाइगर फोरम के विशेष सलाहकार डॉ. एचएस नेगी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एल कृष्णमूर्ति और क्षेत्र संचालक रवींद्र मणि त्रिपाठी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने कान्हा में वन्यजीव संरक्षण के लिए अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाएं पर प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया।

### अनाथ शावकों के पुनर्वास को सराहा

प्रतिनिधि मंडल ने फील्ड विजिट के दौरान अनाथ शावकों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। मलेशियाई दल ने कान्हा के इस सफल मॉडल की सराहना करते हुए इसे अपने देश में भी लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। यह दल आगामी तीन दिनों तक कान्हा में रहकर विभिन्न प्रबंधन गतिविधियों का गहन अध्ययन करेगा।

## लापरवाही पर पूर्व समिति प्रबंधक निलंबित

**मंडला।** कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता के निर्देशानुसार बी-पैक्स सहकारी समिति मंडला के प्रबंधक द्वारा पूर्व प्रभारी समिति प्रबंधक मधुवा प्रसाद सिंगौर के खिलाफ रबी विपणन वर्ष 2026 के उपार्जन कार्य में लापरवाही पाए जाने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उक्त कार्रवाई सहकारिता विभाग द्वारा कार्य में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

# 9 को लगेगी सिविल कोर्ट भुआबिछिया में लोक अदालत

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बैंक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर की समीक्षा

**भुआबिछिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, मई माह के दूसरे शनिवार, 9 मई को सिविल कोर्ट भुआबिछिया में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनल गजबीर ने एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की।

बैठक के दौरान श्रीमती गजबीर ने तहसील क्षेत्र के बैंक अधिकारियों, थाना प्रभारियों और अधिवक्तागणों के साथ विभिन्न लंबित प्रकरणों पर चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से बैंक रिकवरी और वित्तीय प्रकृति के मामलों के त्वरित निराकरण पर जोर देते हुए अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में लाने हेतु प्रेरित किया।

**पक्षकारों से अपील-** न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अधिवक्ताओं और आमजन से अपील की है कि वे लोक अदालत के इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि राजीनामा योग्य मामलों को आपसी सहमति से निपटाने से समय और धन दोनों की बचत होती है। बैठक में अधिवक्ता विजय चौरसिया, पीयूष पांडेय, जेपीएन मिश्रा सहित मोतीनाला व बिछिया थाना प्रभारी और विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नोडल अधिकारी नियुक्त

**मंडला।** उत्पादन वनमंडल मंडला में मीडिया (प्रिंट एवं डिजिटल) से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार मुख्य वनसंरक्षक मध्य वन वृत्त जबलपुर के निर्देशानुसार वनमंडल अंतर्गत कार्यालय में मीडिया समन्वय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है। उप वन मंडल अधिकारी बरेला (उ.) को मीडिया संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं समन्वय कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# स्पार्क लगने से जमीन पर गिरा आउटसोर्स कर्मी, घायल



**जबलपुर।** महाराजपुर में स्पार्क लगने से आउटसोर्स कर्मी जमीन पर गिरकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मंडला सर्किल के अंतर्गत महाराजपुर डीसी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मी जगन्नाथ परस्ते को जूनियर इंजीनियर ने बताया कि 11 केवी लाइन फाल्ट है और उसे सुधार कार्य के लिए आदेशित किया। ठेका कंपनी जीडी नकरानी के माध्यम से नियोजित आउटसोर्स कर्मी जगन्नाथ परस्ते महाराजपुर डीसी के पास लगी डीपी के ऊपर चढ़कर 11 केवी जंपर लगा रहा था, इसी समय स्पार्क लगने से पूरे शरीर में एवं कपड़े में आग लग गई और कर्मी लगभग 10 फीट की ऊंचाई से जमीन पर आ गिरा। जिसके वहां मौजूद सहयोगियों ने उसे तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सों ने कर्मी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसे भर्ती कराया गया है। स्पार्क लगने से आउटसोर्स कर्मी का दाहिना पैर, पेट, पीठ सहित कई अंग बुरी तरह झुलस गये हैं।

### कैसे चालू हो गई विद्युत सप्लाई

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा है कि जूनियर इंजीनियर के द्वारा सबस्टेशन से 11 केवी लाइन फाल्ट होने पर परमिट लेकर लाइन बंद करायी थी, तो फिर विद्युत आपूर्ति कैसे चालू हो गई।

# अब शहर में 20 घंटे चलेगा सफाई अभियान : महापौर

**स्वच्छता में जबलपुर को नंबर 1 बनाने का शंखनाद**

**सुबह 6 बजे से रात 2 बजे तक तीन शिफ्टों में चलेगा अभियान**

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और स्वच्छता सर्वेक्षण में जबलपुर को देश का सिरमौर बनाने के लिए नगर निगम ने अपनी रणनीति बदल दी है। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर स्वच्छता गतिविधियों को सुपरफास्ट मोड पर लाने के निर्देश दिए हैं।

इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा है कि स्वच्छता अभियान अब सुबह 6 बजे से शुरू होकर देर रात 2 बजे तक कुल तीन शिफ्टों में संचालित किया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मुख्य मार्गों के साथ-साथ व्यावसायिक क्षेत्रों और रिहायशी इलाकों में कचरा संग्रहण और सफाई की निरंतरता बनाए रखना है।नगर निगम के इस निर्णय और साकारात्मक पहल से 20 घंटे के कार्य प्लान से साफ है कि जबलपुर अब स्वच्छता के मामले में बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है।



### संसाधनों की नहीं है कोई कमी

बैठक के दौरान महापौर ने बताया कि शहर के विकास और स्वच्छता के लिए नगर निगम के पास साधनों, आधुनिक संसाधनों और धनराशि की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे धरातल पर उतरकर कार्य करें और सुनिश्चित करें कि हर वार्ड में सफाई का स्तर उत्कृष्ट हो।

### स्वास्थ्य अमले को मिला एक्शन प्लान

इस दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, उपायुक्त संभव अयाची और सहायक आयुक्त अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महापौर एवं निगमायुक्त ने कहा कि हर शिफ्ट की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी तैनात रहेंगे। जो कि वार्ड स्तर पर नागरिकों को जोड़कर स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे और कचरा पॉइंट्स ,हॉटस्पॉट्स की पहचान कर वहां तत्काल सफाई सुनिश्चित करेंगे।

शिविर

जिला अस्पताल में 40 बच्चों का हुआ हृदय परीक्षण,14 गंभीर मामलों में होगी नि :शुल्क सर्जरी

# विशेषज्ञों की देखरेख में जांचीं नन्हें दिलों की धड़कनें




**मंडला।** बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य को समर्पित मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंडला में हृदय रोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के कुशल निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना था।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. विजय सिंह धुर्वे ने बताया कि यह विशेष शिविर जन्म से 18 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों के लिए आयोजित किया गया था, जो जन्मजात हृदय विकारों से जूझ रहे हैं। शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. केएल उमा माहेश्वर ने अपनी विशेष सेवाएं प्रदान कीं। अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से शिविर में पहुंचे कुल 40 बच्चों की इको जांच की गई, जिससे बीमारी की गंभीरता का सटीक आकलन किया जा सके।

हृदय रोग शिविर में गहन परीक्षण के बाद विशेषज्ञों ने 14 बच्चों को तत्काल सर्जरी के लिए चिन्हांकित किया है। इन बच्चों की सर्जरी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पूरी तरह नि:शुल्क कराई जाएगी। इसके साथ ही 02 बच्चों को गहन उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। 02 बच्चों को आगामी 6 माह बाद पुन: परीक्षण के लिए बुलाया गया है। इसके साथ ही 07 बच्चों का सर्जरी के बाद फॉलो-अप किया गया। जांच के दौरान 15 बच्चे पूर्णत: सामान्य पाए गए।

### इन बच्चों को मिलेगा नया जीवनदान

शिविर में चयनित जिन 14 बच्चों की नि:शुल्क सर्जरी होगी, उनमें प्रियंका (मोहगांव), मौली साहू (चाबी), उमा प्रजापति एवं आयात सारौते (पाठसिहोरा), सागर यूके (कजरवाड़ा), तृषा भावरे (हीरापुर), अंजली (सिलगिटी), सरिता कुशराम (बकोरी), मयूरी (तरवानी), अरहान खान (मंडला), दीक्षा (चिल्फी), आदित्य (चौदस), आरंभ यूके (लाफरा) और दिशा धुर्वे (पडरिया) शामिल हैं। शासन के इस प्रयास से इन गरीब परिवारों पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ समाप्त होगा।

### स्वास्थ्य टीम और प्रबंधन का रहा सहयोग

सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि शिविर के सुचारू संचालन के लिए जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक अर्जुन सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। शिविर की सफलता में डॉ. पीएल कोरी, डॉ. डीके मरकाम, डॉ. मनोज परस्ते, डॉ. कमलेश ठाकुर सहित आरबीएसके टीम से डॉ. राजकुमार नंदा, डॉ. धनराज भावरे, डॉ. विकास राय, डॉ. सविता श्याम, डॉ. रोशनी परस्ते, डॉ. मुकेश झरिया, दसोदी कुशराम, संगीता जांघेला, जिले की टीम से अर्जुन सिंह, वीरेंद्र पाटील, डॉ निदा आफरीन, सुनील द्विवेदी, काजल बैरागी शिविर में उपस्थित रहे एवं अपना पूरा सहयोग दिया। शिविर के अंत में अस्पताल प्रबंधन ने उपस्थित सभी नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षा गार्डों का भी उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।